# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


## क्या आने वाला है 50 रुपये का सिक्का ? वित्त मंत्रालय ने दिल्ली हाई कोर्ट मे दिया बड़ा जवाब ।

Publisher

Published on 09 Jul 2025



**दृष्टिबाधितों के लिए करेंसी को पहचान योग्य बनाने की मांग पर वित्त मंत्रालय का जवाब, फिलहाल नहीं लाया जाएगा 50 रुपये का सिक्का।**

**नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट** में दायर एक जनहित याचिका के जवाब में **केंद्रं सरकार** ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल **50 रुपये** का सिक्का लाने की कोई योजना नहीं है। **वित्त मंत्रालय** ने कोर्ट को बताया कि आम लोग **10 और 20 रुपये** के लिए सिक्कों की बजाय नोटों को ज्यादा पसंद करते हैं और इस संबंध में कोई नई पहल शुरू करने की योजना नहीं बनाई गई है।

**क्या है पूरा मामला ?**

यह मामला **दिल्ली हाई कोर्ट** में रोहित नाम के याचिकाकर्ता द्वारा दायर जनहित याचिका के बाद सामने आया। याचिका में कहा गया था कि दृष्टिबाधित नागरिकों को 50 और उससे कम मूल्य के नोट और सिक्के आसानी से पहचानने में दिक्कत होती है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि **50 रुपये के नोट** का डिज़ाइन ऐसा है कि वह अन्य नोटों से स्पष्ट रूप से अलग नहीं दिखता और उसमें पहचान योग्य फीचर्स पर्याप्त नहीं हैं।

**वित्त मंत्रालय ने क्या कहा ?**

**वित्त मंत्रालय ने दिल्ली हाई कोर्ट मे दांखिल एफिडेविट मे बंताया कि :**

१. **RBI के 2022 के सर्वे के अनुसार, जनता 10 और 20 रुपये के लिए नोटों को सिक्कों से ज्यादा पसंद करती है।**

२. **10, 20 और 50 रुपये के नए महात्मा गांधी सीरीज के नोटों मे एंगुलर ब्लीड लाइंस और उभरे हुए टेक्सचर जैसी विशेषताएं है, लेकिन नोटों के अधिक उपयोग के कारण ये फीचर्स जल्दी घिस जाते है।**

३. **यदि इन टेक्सचर्ड फीचर्स को फिर से लागू किया जाता है तो उत्पादन लागत और दक्षता पर असर पड़ेगा।**

**दृष्टिबाधितों के लिए क्या है समाधान?**

मंत्रालय ने कहा कि नई **महात्मा गांधी** सीरीज के हर नोट का आकार अलग-अलग है, जिससे दृष्टिबाधित लोग उन्हें छूकर पहचान सकते हैं।

साथ ही मंत्रालय ने यह भी माना कि वर्तमान में नई और पुरानी सीरीज दोनों चलन में होने से पहचान में कुछ कठिनाई हो सकती है। लेकिन जैसे-जैसे पुरानी सीरीज के नोट चलन से बाहर होंगे, नई सीरीज के नोट दृष्टिबाधितों के लिए पहचानना आसान हो जाएगा।

**50 रुपये का सिक्का लाने पर क्या कहा सरकार ने?**

**वित्त मंत्रालय** ने साफ कर दिया कि अभी तक **50 रुपये का सिक्का** लाने की कोई योजना नहीं है। इसका कारण यह है कि भारतीय जनता अब तक कम मूल्य के सिक्कों को ही पसंद करती है और उच्च मूल्य के लिए नोटों का उपयोग अधिक सुविधाजनक मानती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.